कार्यालय :– जिला कृषि पदाधिकारी, गुमला

संयुक्त कृषि भवन, द्वितीय तल्ला करमटोली रोड, गुमला(झारखण्ड), पिन नं.–835207
E-mail ID – atmagumla@rediffmail.com, daogumla@gmail.com

पत्रांक.....469....... दिनांक....27-04-2023....

प्रेषक,

जिला कृषि पदाधिकारी
गुमला।

सेवा में,

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,
गुमला।

विषय– कृषि विभाग के द्वारा किये गये नई पहल/कार्य एवं योजनाओं के विवरणी के संबंध में।

प्रसंग– कार्यालय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, गुमला का पत्रांक– 58 दिनांक–24-04-2023

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करना है, कि समेकित कृषि प्रबंधन के माध्यम से खेती करने वाले एक प्रगतिशील की सफलता की कहानी का संकलन कर इस पत्र के साथ संलग्न कर हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी भेजी जा रही है।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 27/04/23

जिला कृषि पदाधिकारी,
गुमला।

सफलता की कहानी
प्रखण्ड - रायडीह।
प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई एवं समेकित कृषि पर आधारित

श्री सुनील तिर्की सुगाकाटा ग्राम के किसान है। इसके द्वारा पूर्व में पारंपारिक खेती की जाती थी साथ ही इन्हें उन्नत बीज एवं खाद खरीदने में आर्थिक समस्या आती थी। इनके द्वारा खेती से संबंधित जानकारी के लिए प्रखण्ड एटिक कार्यालय में संपर्क किया गया। एटिक कार्यालय से उन्हें सबसे पहले आर्थिक रूप से खेती-बारी में मजबूत होने के लिए के०सी०सी० ऋण दिलाया गया।

इस ऋण से उन्होंनें खाद-बीज खरीद कर खेती किया और अच्छा मुनाफा कमाया। खेती-बारी उन्नत तरीके से करने के लिए इनको विभाग की ओर से परिभ्रमण एवं

किसान मेला आदि में भेजा गया। इन्हें प्रशिक्षण के लिए के०भी०के० बिशुनपुर भी भेजा गया। वहाँ से इन्हें फसलों एवं सब्जियों की उन्नत खेती की जानकारी मिली।

वित्तीय वर्ष २०२२-२३ में इन्हें पी०एम०के०एस०वाई० योजना अंतर्गत टपक सिंचाई का भी लाभ दिया गया है जिससे की ये सब्जियों की उन्नत खेती कर रहे है। पूर्व में इनके द्वारा खेती से आय लगभग 1.20 लाख रूपये थी। इनके द्वारा कृषि के साथ सूकरपालन का भी कार्य किया जा रहा है, साथ ही इनके द्वारा पपीता का भी खेती शुरूआती तौर पर किया जा रहा है अभी इनके पास 10 (दस) पपीता के पेड़ हैं जिनसे पपीता का उत्पादन हो रहा है। इन सभी से कृषि आय में बढ़ोत्तरी लगभग 2.30 लाख रूपये है। अब इनके द्वारा विभिन्न सब्जी फसलों की खेती बड़े पैमाने पर किए जाने का विचार हो रहा है, साथ ही पपीता के पौधों की संख्या में वृद्धि करने के लिए अग्रसर है।